हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 06 सितंबर -- 2026 समय 1810 (10 मिनट)

........................................................................

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से बड़े सपने देखने और दुनिया का नेतृत्व करने का आह्वान किया।
- केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने पंचकूला में अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया।
- श्री भूपेंद्र यादव ने गिद्धों के लिए सुरक्षित क्षेत्रों के निर्माण और वन्य जीवन में प्रजातियों के संरक्षण में सहायता हेतु तकनीकी क्षमता के विकास का आह्वान किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज भिवानी जिले के बवानीखेड़ा हलके में महर्षि वाल्मीकि स्टेडियम, नागरिक अस्पताल के विस्तार सहित कई बड़ी परियोजनाओ की घोषणा की।
- श्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ी के तुलाराम स्टेडियम में नशे के विरुद्ध आयोजित हाफ मैराथन को झंडी दिखाई और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

*********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से बड़े सपने देखने और दुनिया का नेतृत्व करने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स- के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारतीय लोग दुनिया की बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर सकते हैं, तो भारतीय कंपनियां भी दुनिया का

नेतृत्व कर सकती हैं। उन्होंने युवाओं से यूनिकॉर्न बनाने, ड्रोन तकनीक में नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नए समाधान विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत की तेज आर्थिक वृद्धि और नीतिगत बदलावों की सराहना कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की 7.8 प्रतिशत की तिमाही आर्थिक वृद्धि देश की क्षमता को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत अब बड़े पैमाने पर आयात करने वाले देश से प्रमुख निर्यातक बन रहा है। स्मार्टफोन का निर्यात 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है, जबकि देश का रक्षा उत्पादन करीब 2 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा निर्यात भी वर्ष 2013-14 के करीब 600 से 700 करोड़ रुपये से बढ़कर अब 40 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

*******

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज पंचकूला में अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस पर 'संकट से उबरना - भारत के गिद्धों का संरक्षण' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया।

वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्रालय, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, हरियाणा वन एवं वन्यजीव विभाग, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और पिंजौर स्थित जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा के वन और वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने भी शिरकत की।

अपने संबोधन  में श्री भूपेंद्र यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का पर्यावरण संरक्षण दृष्टिकोण समग्र पारिस्थितिकी तंत्र-उन्मुख संरक्षण मॉडल पर आधारित है और किसी विशेष प्रजाति तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न प्रजातियों के गिद्धों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने गिद्धों के लिए सुरक्षित क्षेत्रों के निर्माण और वन्य जीवन में प्रजातियों के संरक्षण में सहायता हेतु तकनीकी क्षमता के विकास का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक से भारतीय गिद्धों की आबादी में तेजी से आई गिरावट का मुख्य कारण उनकी खाद्य श्रृंखला में व्यवधान और गिद्धों द्वारा खाए जाने वाले जानवरों के लिए दर्द निवारक दवाओं का उपयोग है।

1- भूपेन्द्र यादव

केंद्रीय मंत्री ने पिंजौर स्थित जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र का दौरा भी किया और वहां गिद्ध संरक्षण से जुड़े कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने 'स्टोरी ऑफ जटायु: सेविंग इंडियाज वल्चर' नामक कॉफी टेबल पुस्तक का विमोचन भी किया गया। साथ ही गिद्ध संरक्षण विषय पर आयोजित ऑनलाइन चित्रकला और डिजिटल फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए ।

******

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज भिवानी जिले के बवानीखेड़ा हलके में आयोजित विकास संकल्प जनसभा में क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी विकास परियोजनाओं की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जनसभा में लगभग 78 करोड़ रुपये की लागत वाली 7 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया और कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

नायब सिंह

मुख्यमंत्री ने बवानीखेड़ा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि द्वारा रखी गई मांगों को स्वीकार करते हुए बवानीखेड़ा में 15 करोड़ रुपये की लागत से महर्षि वाल्मीकि स्टेडियम और 10 करोड़ रुपये की लागत से नया लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देते हुए शहर में 50 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 50 अतिरिक्त बिस्तरों से नागरिक अस्पताल का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने गांव रेवाड़ी खेड़ा में साढ़े सोलह करोड़ रुपये की लागत से 33 केवी सब-स्टेशन स्थापित करने, गांव खरक में महिला कॉलेज के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाने और बवानी खेड़ा कस्बे में जमीन उपलब्ध होने पर नई सब्जी मंडी का निर्माण कराने का ऐलान भी किया। हलके को उपमंडल बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि 2028 में परिसीमन प्रक्रिया पूरी होते ही बवानी खेड़ा को उपमंडल का दर्जा दिया जाएगा। ग्रामीण बुनियादी □ांचे को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री ने गांव बलियाली तथा जमालपुर-2 में 90-90 लाख रुपये की लागत से ग्राम सचिवालय और गांव बड़सी गुजरान में 90 लाख रुपये से बहुउद्देशीय हॉल बनाने की मंजूरी भी दी। इससे पहले भाजपा नेता किरण चौधरी ने क्षेत्र में जल व सिंचाई परियोजना के लिए प्रयास करने के लिए आभार जताया।

3- किरण चौधरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रेवाड़ी के राव तुलाराम स्टेडियम से नशे के विरुद्ध आयोजित हाफ मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिले के लाखों युवाओं ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशे से बचाने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी के लोगों को नशा मुक्ति के संकल्प के लिए किए गए इस आयोजन के लिए शुभ कामनाए दी।

4- सी एम

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा, खेल युक्त हरियाणा और शिक्षित हरियाणा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है।हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत हर महीने किसी न किसी जिले में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए खेल और शिक्षा से जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की करीब 11 करोड़ रुपये की संपत्ति को ध्वस्त किया गया है। वर्ष 2014 के बाद से नशे के विरुद्ध अभियान को तेज किया गया है।

*********